# GREEN LAWNS HIGH SCHOOL

## PRELIMINARY EXAMINATION YEAR 2024

**SUBJECT: HINDI** **CLASS: X**
**TIME: 3 HOURS** **MARKS: 80**

*Answer to this paper must be written on the paper provided separately. You will not be allowed to write during the first **15 minutes**. This time is to be spent in reading the question paper. The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

*This paper comprises of **two** Sections: Section **A** and Sections **B**. Attempt All the questions from Section **"A"**. Attempt **four** questions from Section **" B"** answering at least **one** question each from the **two books.** You have studied and any **two** other questions from the same books you have compulsorily chosen. The intended marks for Questions or parts of Questions are given in brackets [ ] .*

---

## Section—A (40 Marks)
## Attempt all questions

**Question 1**
**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words of any one of the following topics: --** **[15]**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-----**


(I) "मौत की सजा अपराधियों को खत्म करती है, अपराध को नहीं "।कथन को ध्यान में रखते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

(II) अक्सर हम घटनाओं को वैसा नहीं देखते, जैसी वे होती हैं बल्कि हम उन्हें वैसा ही देखते हैं जैसा हम देखना चाहते हैं।कथन को ध्यान में रखते हुए एक लेख लिखिए।

(III) समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए कड़े कानून की नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है- इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(IV) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका अंत प्रस्तुत वाक्य से किया गया हो-
"और मैंने राहत की सांस लेते हुए सोचा की आज मेरा मानव जीवन सफल हो गया|"

(V) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख,घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।



Question 2

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below: --** [7]

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:----**

I) आजकल मिलावट का धंधा जोरों पर है। व्यापारी अधिक मुनाफा बढ़ाने के लिए हर वस्तु में मिलावट करने लगे हैं। इसकी शिकायत करते हुए जिला खाद्य निरीक्षक को पत्र लिखिए।

II) आप का मित्र बीमार होने के कारण परीक्षा नहीं दे पाया जिसके कारण वह बहुत दुखी है।उसे दिलासा देते हुए पत्र लिखिए।

**Question 3**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible: --**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए । उत्तर यथा संभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :----** [10]

श्रमहीन शरीर की दशा जंग लगी हुई चाबी की तरह अथवा अन्य किसी उपयोगी वस्तु की तरह निष्क्रिय हो जाती है। शारीरिक श्रम वस्तुत जीवन का आधार है, जीवंतता की पहचान है। योगाभ्यास में तो पहली शिक्षा होती है आसन आदि के रूप में शरीर को श्रमशीलता का अभ्यस्त बनाना।

महात्मा गांधी अपना काम अपने हाथ से करने पर बल देते थे। वह प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से संबंधित प्रत्येक कार्य सफ़ाई तक स्वयं करेगा। उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करता है, वह पाप करता है और पाप का अन्न खाता है।

ऋषि मुनियों ने कहा है- बिना श्रम किए जो भोजन करता है, वह वस्तुतः चोर है। महात्मा गांधी का समस्त जीवन दर्शन श्रम सापेक्ष था। उनका समस्त अर्थशास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता को उत्पादनकर्ता होना चाहिए। उनकी नीतियों की उपेक्षा करने का परिणाम हम आज भी भोग रहे हैं। न गरीबी कम होने में आती है, न बेरोजगारी पर नियंत्रण हो पा रहा है और न अवरोधों की वृद्धि हमारे वश की बात रही है। दक्षिण कोरिया वासियों ने श्रमदान करके ऐसे श्रेष्ठ भवनों का निर्माण किया है, जिनसे किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है।

श्रम की अवज्ञा के परिणाम का सबसे ज्वलंत उदाहरण है, हमारे देश में व्याप्त शिक्षित वर्ग की बेकारी। हमारा शिक्षित युवा वर्ग शारीरिक श्रमपरक कार्य करने से परहेज करता है, वह यह नहीं सोचता है कि शारीरिक श्रम परिमाणतः कितना सुखदायी होता है। पसीने से सिंचित वृक्ष में लगने वाला फल कितना मधुर होता है। 'दिन अस्त और मज़दूर मस्त' इसका भेद जानने वाले महात्मा ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों को यह परामर्श दिया था कि तुम केवल पसीने की कमाई खाओगे। पसीना टपकाने के बाद मन को संतोष और तन को सुख मिलता है, भूख भी लगती है और चैन की नींद भी आती है। हमारे समाज में शारीरिक श्रम न करना सामान्यतः उच्च सामाजिक स्तर की पहचान माना जाता है।

यही कारण है कि ज्यों - ज्यों आर्थिक स्थिति में सुधार होता जाता है। त्यों त्यों बीमारी व बीमारियों की संख्या में वृद्धि होती जाती है। इतना ही नहीं बीमारियों की नई-नई किस्में भी सामने आती जाती हैं। जिसे समाज में शारीरिक श्रम के प्रति हेय दृष्टि नहीं होती है, वह समाज अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ एवं सुखी दिखाई देता है। विकसित देशों के निवासी शारीरिक श्रम को जीवन का आवश्यक अंग समझते हैं। ऐसे उदाहरण भारत में ही मिल सकते हैं, शत्रु दरवाजा तोड़ रहे हैं और नवाब साहब इंतज़ार कर रहे हैं जूते पहनाने वाली बाँदी का।

(I) जीवन का आधार क्या है और क्यों? [2]

(II) गांधी जी की नीति क्या थी? उसकी उपेक्षा का परिणाम हम किस रूप में भोग रहे हैं? [2]

(iii) समाज की आर्थिक स्थिति और बीमारियों में संबंध बताते हुए श्रम के दो लाभ लिखिए। [2]

(iv) शिक्षित वर्ग की बेकारी का क्या कारण है? यह वर्ग किस बात से अनभिज्ञ है? [2]

(v) श्रम के प्रति भारत और अन्य देशों की सोच में क्या अंतर है? इस सोच का परिणाम क्या होता है? [2]

**Question 4.**

**Answer the following according to the instructions given: -** **[8]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:|**

i) "परिवार' का विशेषण होता है -

(A) पाशविक

(B) पार्थी

(C) पौराणिक

(D) पारिवारिक

II) निम्नांकित में भाववाचक संज्ञा कौन है?

(A) आस्तिक

(B) अच्छा

(C) आलसी

(D) अमरता

III) 'उष्ण' का विलोम शब्द है:-

(A) विराग

(B) प्रतिकूल

(C) शीतल

(D) अनागत

IV) निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'इच्छा' का समानार्थी नहीं है?

(A) चाह

(B) मनोरथ

(C) रश्मि

(D) कामना

v) नीचे लिखे शब्दों में कौन-सा शब्द शुद्ध है ?

(A) अनुयाई

(B) अनुयाय

(C) अनुआई

(D) अनुयायी

vi) 'अपने पैरों पर खड़ा होना' का सही अर्थ क्या है?

(A) इकलौता पुत्र

(B) आत्मनिर्भर होना

(C) गुस्से से देखना

(D) बहुत प्यारा होना

vii) अग्रज के लिए कौन-सा विकल्प सही है?

(A) जो पहले पैदा हुआ हो

(B) जिसका जन्म पीछे हुआ हो

(C) जिसका मूल्यांकन नहीं किया जा सके

(D) अधिक दिनों तक रहनेवाला

viii) दीपक आया और खेलने लगा।' वाक्य का सरल रूप निम्न विकल्पों से चुनें-

(क) जैसे ही दीपक आया वह खेलने लगा।

(ख) दीपक आया और खेलने लगा।

(ग) दीपक आकर खेलने लगा।

(घ) दीपक आया और खेल कर चला लगा।

## SECTION – B [40 Marks]

*(Attempt four questions from this Section)*

**(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other question)**

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ
### (Sahitya Sagar – Short Stories)

Question 5.

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**"यह इंसाफ नहीं अँधेर है। सिर्फ़ एक अठन्नी की ही तो बात थी!"**

(ii) उपर्युक्त वाक्य किसने- किससे और कब कहा? [2]

(iii) वक्ता ने दुनिया को अंधेर नगरी क्यों कहा?समझाकर लिखिए। [2]

(iv) रसीला को अपने किस अपराध के लिए कितनी सजा हुई?स्पष्ट कीजिए। [3]

(v) रसीला के झूठ का पता चलने पर इंजीनियर बाबू जगतसिंह ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया? क्या आपको उनका व्यवहार उचित लगा? अपने विचार लिखिए | [3]

**Question 6.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**"इसलिए कि मुझे भी अपनी प्रतिष्ठा का कुछ ख्याल है। आपके घर में अन्याय और हठ का प्रयोग हो रहा है। जिनको बड़ों का आदर-सम्मान करना चाहिए। वह उनके सर चढ़ते हैं।"**

(i) उपर्युक्त पंक्तियाँ कौन, किससे किस अवसर पर कह रहा है? तथा क्यों? स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) आनंदी के पति किस दिन घर आते थे? उनके घर आने पर लाल बिहारी तथा उसके पिता ने क्या-क्या कहा? अपने शब्दों में लिखिए? [2]

(iii) आनंदी द्वारा घटनाक्रम बताए जाने पर श्रीकंठ की क्या प्रतिक्रिया हुई? दूसरे दिन उन्होंने पिता को क्या फैसला सुनाया और क्यों? [3]

(iv) इस कहानी से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? [3]

**Question 7.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**मुझे तो तेरे दिमाग के कन्फ्यूजन का प्रतीक नज़र आ रहा है, बिना मतलब जिंदगी खराब कर रही है।"**

(i) उपर्युक्त अवतरण की वक्ता और श्रोता का परिचय दें। [2]

(ii) चित्रा का अरुणा को नींद में से जगाने का क्या उद्देश्य है? [2]

(iii) चित्रा ने उस चित्र को किसका प्रतीक कहा और क्यों?समझाकर लिखिए। [3]

(iv) दो कलाकार' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

## साहित्य सागर - पद्य विभाग

**Question 8.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**बूढ़े पीपल ने आगे बढ़ कर जुहार की**
**'बरस बाद सुधि लीन्ही'**
**बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की**
**हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।**
**क्षितिज अटारी गहरायी दामिनि दमकी**
**'क्षमा करो गाँठ खुल गयी अब भरम की'**
**बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके**
**मेघ आये बड़े बन-ठन के, सँवर के।**

(I) लता रूपी नायिका ने मेहमान से अपना रोष किस प्रकार प्रकट किया? [2]

(II) कवि ने पीपल के पेड़ के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है और क्यों? स्पष्ट कीजिए। [2]

(III) प्राकृतिक रूप से किस भ्रम की गाँठ खुलने की बात कही गई है? 'मेघ आए' कविता के आधार पर लिखिए। [3]

(IV) मेघ आए' कविता में किस संस्कृति का वर्णन किया गया है? सोदाहरण लिखिए। [3]

**Question 9.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**जाके प्रिय न राम वैदेही**
**तजिए ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही।**
**तज्यो पिता प्रहलाद, विभीषन बंधु, भरत महतारी।**
**बलिगुरु तज्यो कंत ब्रजबनितन्हि, भये मुद मंगलकारी।**
**नाते नेह राम के मनियत सुहृद सुसेव्य जहां लौं।**
**अंजन कहां आंखि जेहि फूटै, बहुतक कहौं कहां लौं।**
**तुलसी सो सब भांति परमहित पूज्य प्रान ते प्यारो।**
**जासों होय सनेह राम-पद, एतोमतो हमारो।।**

(i) तुलसीदास के अनुसार परमहितैषी, पूज्य और प्राणों से भी बढ़कर प्रिय कौन है और क्यों? [2]

(ii) प्रस्तुत पद किस भाषा में लिखा गया है?इसके कवि किसके उपासक थे तथा किस प्रकार की भक्ति को महत्व देते थे? [2]

(iii) मुद् मंगलकारी किन्हें कहा गया है? राजा बलि ने अपने गुरु का परित्याग क्यों और कब किया? [3]

(iv) शब्दार्थ लिखिए- [3]

बैरी, महतारी, कन्त , सुहृद, एतो, मतो,

**Question 10.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**कलेजा माँ का, मैं संतान**
**करेगी दोषों पर अभिमान।**
**मातृ-वेदी पर हुई पुकार,**
**चढ़ा दो मुझको, हे भगवान।।**
**सुनूँगी माता की आवाज़**
**रहूँगी मरने को तैयार**
**कभी भी उस वेदी पर देव,**
**न होने दूँगी अत्याचार।**

(i) कलेजा माँ का,मैं संतान करेगी दोषों पर अभिमान।' - का आशय स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) 'मातृ मंदिर' से क्या तात्पर्य है? वहाँ से कवयित्री को क्या पुकार सुनाई दे रही है?[2]

(iii) 'मातृ मन्दिर की ओर' कविता का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए। [3]

(iv) आप अपने देश के लिए क्या करना चाहेंगे ? समझा कर लिखिए। [3]